'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours Part-III Examination, 2022

HINDI

PAPER-V

Time Allotted: 4 Hours | Full Marks: 100

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 15×3 = 45

(क) 'औरंगजेब की आखिरी रात' रचना के आधार पर आलमगीर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) रेखाचित्र की विशेषताओं के आलोक में 'प्रथम भेंट अंतिम भेंट' शीर्षक रेखाचित्र की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'औरत' नुक्कड़ नाटक की रंगमंचीय विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'कलम का सिपाही' के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था' शीर्षक निबंध की अंर्तवस्तु की समीक्षा कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए – 7×3 = 21

(क) जब तक संपत्तिहीन समाज को संगठन न होगा, जब तक संपत्ति व्यक्तिवाद का अंत न होगा संसार को शांति न मिलेगी।

(ख) ''भारत में वर्ण-व्यवस्था का विरोध और उस व्यवस्था के टूटने पर आपत्ति– ये दोनों बातें बहुत पुरानी हैं। कबीर के समय से ही ये दोनों बातें साहित्य में खूब उभर कर आईं हैं।''

(ग) हमने इस पचड़े को आवश्यकता से अधिक महत्त्व दे दिया है। प्रेम करना हरेक का जन्मसिद्ध अधिकार है। परंतु जीने के लिए इसके अलावा भी बहुत कुछ है।

(घ) प्रेम करना हरेक का जन्मसिद्ध अधिकार है। परंतु जीने के लिए इसके अलावा भी बहुत कुछ है।

(ङ) फिर तब से उसके लिए नित्य नवीन मानसिक और शारीरिक यातनाओं का आविष्कार होने लगा।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) अमृत राय का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(ख) 'सुचेता' की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ग) 'सिद्धावस्था का काव्य' से क्या तात्पर्य है ?

(घ) 'रेखाचित्र' की चार विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) निबंधकार आचार्य राम चंद्र शुक्ल पर एक टिप्पणी लिखिए।

(च) 'तीसरा आदमी' शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 1×10 = 10

(क) 'औरंगजेब की आखिरी रात' में कुल कितने पात्र हैं ?

(ख) 'जमुना' किस रचना की पात्र है ?

(ग) मोहन राकेश का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(घ) रामविलास शर्मा की दो आलोचना-पुस्तकों के नाम लिखिए।

(ङ) 'विचार वीथी' के निबंधकार का नाम लिखिए।

(च) 'गुण्डा' किस नाटक का पात्र है ?

(छ) रामविलास शर्मा का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(ज) 'बिट्टो' किस रंचना से संबंध रखती हैं ?

(झ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंध संग्रह का नाम लिखिए।

(ञ) 'तीसरा आदमी' एकांकी में कुल कितने दृश्य हैं ?

——×——